जय भीम जय बाल्मीकि जय भारत

A 27

# भारतीय बाल्मीकि समाज मोर्चा

236, ब्लाक–ए, सूर्या विहार, पार्ट–III, सेहतपुर विस्तार, फरीदाबाद–121003 (हरियाणा)

संघर्ष करो

मा. भूलेराम चन्देलिया
स्स्थापक

मा. अर्जुन वैध
राष्ट्रीय अध्यक्ष

जगदीश नेताजी
राष्ट्रीय महासचिव (भारत) हरियाणा एण्ड दिल्ली प्रदेश प्रभारी

#: 9958300451

क्र. सं. 115

दिनांक 16-11-2011

18/11
PS to UDM

OFFICE OF UDM
Dy. No. 4047
Date 18/11/11

seen

सेवा में,

श्री कमलनाथ जी
केन्द्रीय शहरी विकास मंत्री
निर्माण भवन नई दिल्ली

विषयः– सी0पी0डब्ल्यू0डी0 में कांग्रेस शासन के अन्दर हो रहे सफाई कर्मचारी बाल्मीकि समाज पर घोर अत्याचार जो सफाई कर्मचारी सी0पी0डब्ल्यू0डी0 में 1986 व 2001 तक के सफाई कार्य पर केन्द्रीय लोक निर्माण भवन में लिये गये थे जो आज दिनांक 15.11.2011 को बिना किसी नोटिस दिये हुए उन सफाई कर्मचारियों को निकाल कर बाहर खड़ा कर दिया। एक तरफ तो कांग्रेस सरकार यह कह रही है कि हम सभी बाल्मीकि समाज को रोजी रोटी दे रहे हैं और दूसरी तरफ बाल्मीकि समाज के बच्चों के मुंह से रोटी छीन कर उन्हें दर–दर की ठोकरें खिला रही है।

महोदय जी,

सविनय निवेदन यह है कि शहरी विकास मंत्रालय में केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत 12 से 25 वर्षों से 20 सफाई कर्मचारी सफाई का कार्य कर रहे हैं। अब सी0पी0डब्ल्यू0डी0 में सफाई के कार्य से बिना किसी नोटिस दिये उन्हें सफाई के कार्य से निकाल कर बाहर खड़ा कर दिया है। भारतीय बाल्मीकि समाज मौर्चा पुनः मांग करता है कि इन सभी 20 सफाई कर्मचारियों को तत्काल वापिस काम पर रखा जाये जो ये सफाई कर्मचारियों को समय पर वापिस नहीं लिया तो भारतीय बाल्मीकि समाज मौर्चा पूरी दिल्ली के अन्दर आन्दोलन को वो उग्र रूप देगा जिसकी जिम्मेदार केन्द्र में बैठी हुई कांग्रेस सरकार होगी। आपसे मांग करते है कि इन सभी कर्मचारियों को वापिस डयूटी पर लिया जाये। आपकी अति कृपा होगी।

भवदीय,

(हस्ताक्षर)

जगदीश नेता जी
राष्ट्रीय महासचिव
हरियाणा एण्ड दिल्ली प्रभारी
भा0 बा0 समाज मोर्चा

प्रतिलिपिः–

1. बहुजन समाज विकास पार्टी
   राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मनोज बग्गा
2. भारतीय बाल्मीकि समाज मोर्चा
   राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अर्जुन वैद्य
3. कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमति सोनिया गांधी
4. कांग्रेस महासचिव श्री राहुल गांधी
5. ✓ केन्द्रीय शहरी विकास मंत्री
   श्री कमल नाथ
6. राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग
7. सी0पी0डब्ल्यू0डी0 निदेशक
8. सफाई कर्मचारी आयोग
   श्रीमति कमला गुजर